प्रेस विज्ञप्ति

कृषि महाविद्यालय, स0व0प0 कृषि एंव प्रौ0 वि0वि0 मेरठ, द्वारा 01 दिवसीय 88 वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षु वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियो के लिये शुभारम्भ हुआ। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति महोदय डा0, त्रिवेणी दत्त जी के मार्ग निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कूलसचिव महोदय डा0 वी0 पी0 सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

अधिष्ठाता कृषि डा0 विवेक जी ने अधिकारियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज के परिवेश में वातावरण को स्वच्छ एंव संतुलित बनाये रखने, उच्च गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न, फल, सब्जियॉ, दूध उत्पादन एंव मृदा की जैविक, रासयनिक एंव भौतिक गुणवत्ता बनाये रखने के लिये कृषि की महत्वता अति महत्वपूर्ण है।

डा0 एस0 पी0 सिंह मृदा विज्ञान, भ्रमण समन्वयक ने विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षु वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण इस कार्यक्रम मे प्रतिभााग कर रहे है। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से समबन्धित व्याख्यान, प्रयोशालाओ में प्रयोग एंव भ्रमण कराये गये। डा0 आदेश सिंह शस्य विज्ञान ने प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस आयोजन मे उपस्थित रहे, डा0 योगेश कुमार, डा0 मनोज कुमार सिंह, एंव डा0 सत्यवीर सिंह उपस्थित रहे।